तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025



10 स्कूल परिसर तालाब में तब्दील, भाठा बस्ती ...


12 महिलाओं ने जवानों को भेजी राखी...




2011 से संचालित
शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## आफत की बारिश : एसडीएम, तहसील और उपपंजीयक कार्यालय जलमग्न, कलेक्टर दफ्तर की छतें भी टपकने लगीं

# राजस्व दफ्तर पानी-पानी, सरकारी कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कुछ घंटों की बारिश ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की कलई खोल दी है। जिले के प्रमुख राजस्व कार्यालय एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय और उपपंजीयक कार्यालय पूरा परिसर पानी में डूब गया, जिससे सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप पड़ गया है। बारिश के चलते न केवल कार्यालय परिसर जलमग्न हो गए, बल्कि कलेक्टर कार्यालय जैसे उच्च स्तरीय भवनों की छतों से भी पानी टपकने लगा है।

यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही की साफ तस्वीर पेश करती है। इन कार्यालयों में आने-जाने वाले आम नागरिकों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव की वजह से परिसर में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी मंडराने लगा है, जिससे लोग दहशत में हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। वर्षा ऋतु के आते ही राजस्व विभाग के कई कार्यालयों में जलभराव होना आम बात हो गई है। बावजूद इसके आज तक किसी स्थायी समाधान की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए। निकासी व्यवस्था की घोर लापरवाही के कारण हर साल यही स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे रहते हैं।

### चंद घंटों की बारिश में खुली प्रशासन की पोल





### आमजन आक्रोशित, प्रशासनिक जवाबदेही पर उठे सवाल

बारिश के बाद उपस्थिति को लेकर आमजन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नाराज़गी है। लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय का हाल इस कदर बदहाल है, तो बाकी जिलों की स्थिति का सहज अंदाज़ा लगाया जा सकता है। अगर समय रहते जल निकासी और भवनों की मरम्मत जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में हालात और भी बदतर हो सकते हैं।

### रुक-रुक कर हो रही बारिश, नदी-नाले उफान पर

**रसेडा ।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में हो रुक-रुक कर बारिश के वजह से रही शिवनाथ नदी एवं आसपास के नदी नाले उफान पर हैं जिसकी वजह से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार आने-जाने के कई रास्ते बंद हो चुके हैं। जिसमें न्यूको विस्टा सोनाडीह सीमेंट प्लांट जाने वाले मार्ग लटूवा मोहतरा के बीच जमुनिया नल का पुल के ऊपर से तीन से चार फीट पानी ऊपर बह रहा है सोनाडीह प्लांट होते हुए बिलासपुर जोंधरा को जाने वाली मार्ग जमुनिया नाला से पानी ऊपर से चल रहा है, उसके बावजूद भी ग्रामीण से आए लोगों के द्वारा जान जोखिम में डालकर पुलिया से पार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिला मुख्यालय आने-जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो चुका है ।




### मूसलाधार बारिश का कहर, घर ढहे, खेत डूबे, किसान और गरीब बेहाल



**गोपालपुर ।** गांव में रात के समय मूसलाधार वर्षा होने के कारण जलमग्न हो गया। जिसके कारण आम लोगों को परेशानी झेलना पड़ रहा है। ग्राम गोपालपुर के श्याम दास पिता स्व. शांत दास एवं टीकमगढ़ दास पिता स्व. संतोष दास मानिकपुरी उक्त दोनों गरीब ब्यक्ति के मिट्टी के मकान ढह गया और उनके पास रहने के लायक मकान नही है। अब इन लोगों को चिंता सताया जा रहा है कि परिवार को कहां व्यवस्थित रूप से रखा जाय। ज्ञात हो कि श्याम दास के पिता जी शांत दास के चार दिन पूर्व स्वर्गवास हो गया जिसका क्रियाकर्म नहीं हुआ है बेचारे को दुख में दोहरा हो गया है, बेचारा को बहुत चिंता सताया जा रहा है। और यह व्यक्ति के आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इस व्यक्ति को अपने पिता जी क्रियाकर्म करने एवं परिवार के लिए रहने के लिए छाया ब्वस्था करने का चिंता है। मूसलाधार बर्षा होने के कारण गोपालपुर कि किसानों को बहुत नुकसान झेलना पड़ रहा है। सिंचाई कार्यालय भटगांव के अंतर्गत बिला पर्वत नहर गोपालपुर के पास फूट गया है। और सभी नहर के पानी खेत मे बह रहा है। और धान के फसल अभी छोटे होने के कारण सड़ कर नुकसान होने खतरा बना हुआ है। ग्रामीण किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि बहुत दिनों से नहर का मरम्मत नहीं होने के कारण नहर फूट गया । अतः जिन गरीबों के मकान ठह गया है एवं जिन किसानों के फसल सड़ रहा है।





## खबर संक्षेप


### जिले में 481.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार ।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 25 जुलाई 2025 तक 481.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 628 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 367.4 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 586.6 मिमी, पलारी में 532.2 मिमी, भाटापारा 469.4 मिमी, लवन 457.1 मिमी., सोनाखान 448.7 मिमी, सिमगा 445.3 मिमी एवं बलौदाबाजार 402.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4336.9 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 481.9 मिमी है। 25 जुलाई को 180 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 20 मि.मी.है। टुण्डरा 68 मिमी, सोनाखान 29.6 मिमी, लवन 25.5 मिमी, भाटापारा 13.9 मिमी, कसडोल 12 मिमी, सुहेला 11.5 मिमी, बलौदाबाजार 8 मिमी एवं सिमगा 0.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# मंदिरों में चोरी करने वाला आदतन चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





■ आरोपी से 60,500 का चोरी का सामान बरामद

जिला बलौदाबाजार भाटापारा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में साइकिल से जाकर चोरी करने वाले आदतन चोर को पकड़ने में सिमगा को सफलता मिली है। गत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम तरपोंगा के मौली माता मंदिर में दान पेटी चोरी होने की रिपोर्ट प्रार्थी खोरबाहरा राम साहू 70 वर्ष ने सिमगा थाना में लिखाया था।

जिस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाल कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पांच अन्य स्थानों में चोरी होने की जानकारी मिली। एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा सिमगा के अलावा तरेंगा भाटापारा मंदिर से सोने चांदी व नकदी, ग्राम पेंड्री भाटापारा मंदिर से दानपेटी, वृंदावन कालोनी भाटापारा के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### चोरी का माल हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी का छत्रक 25,000 रू, सोने का नथनी 25,000 रू, चांदी का दो जोड़ी बिछिया 1000 रू, नगदी 4500 रू. एवं घटना में प्रयुक्त साइकिल सहित कुल मशरूका 60,500 रू. जप्त किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी का अनेक आपराधिक रिकॉर्ड भी पाया गया जिसमें सिरगिट्टी बिलासपुर में 05, सकरी बिलासपुर में 01 एवं सरकंडा बिलासपुर में 3 मामलों पर अपराध पंजीबध्द है।

# आईपीएल ऑनलाइन सट्टा किंग दीपक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



■ गोवा से फरार मुख्य आरोपी नागपुर में धराया, 16 अन्य साथी पहले ही जेल में

भाटापारा पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा के मुख्य सरगना दीपक घिरवानी (उम्र 43 वर्ष, निवासी कश्मीरी गली, प्लॉट नंबर 635 त्रिभुज (एनआईटी) गार्डन, थाना पांच पावली, नागपुर, महाराष्ट्र) को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में की गई, जिससे इस बड़े सट्टा रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। इससे पहले, इस ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन करने वाले गिरोह के 16 आरोपी सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

आरोपियों द्वारा आनलाईन सट्टा 03 पैनल खेलो यार, आरबीसी 139 एवं वीनबज 7 का संचालन करते था।आरोपियों से 8,15,000 के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किए गए थे। एसपी के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### गोवा से फरार होकर नागपुर में छिपा था मास्टरमाइंड

विवेचना क्रम में पुलिस द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपी दीपक धिरवानी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर यह पता चला कि आरोपी द्वारा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से खाता में लेनदेन एवं ऑनलाइन सट्टा एप के कार्यों का निष्पादन करने वाले लड़कों को वेतन आरोपी के द्वारा खातों से उनके खातों में ट्रांजैक्शन करता था एवं खातों में ऑनलाइन सट्टा का रकम को संबंधित बैंकों के एटीएम कार्ड से रकम निकालकर हवाला के माध्यम से निकाली गई रकम को देता था। आरोपी 2 मोबाइल जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## बैल व हल से हो रही खेत जोतने की तैयारी

# किसान बियासी में व्यस्त, पारंपरिक और आधुनिक तरीकों का हो रहा समन्वय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



क्षेत्र में इन दिनों खेती-बाड़ी का कार्य जोरों पर है। विशेष रूप से धान की बुवाई का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब किसान बियासी (धान की सिंचाई के लिए मिट्टी को समतल करना और तैयार करना) के कार्य में व्यस्त नजर आ रहे हैं। जहाँ एक ओर आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए खेती को सहज और तेज बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अनेक किसान आज भी पारंपरिक तरीकों को अपनाकर खेती को एक सांस्कृतिक विरासत के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं।

खेतों में बैल और हल की मदद से बियासी का कार्य करते किसान यह प्रमाणित कर रहे हैं कि गौवंश – विशेष रूप से बैल – आज भी खेती का अभिन्न और विश्वसनीय साथी है। किसानों का मानना है कि पारंपरिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि धान की उपज को भी बेहतर बनाती है। उनका यह भी कहना है कि पारंपरिक तरीकों से खेतों की तैयारी करने पर जल संचयन में भी सहायता मिलती है, जिससे फसल को अधिक लाभ होता है। बारिश हो या तेज आंधी-तूफान, किसान हर परिस्थिति में अपने कार्य में जुटे रहते हैं। यही कारण है कि किसान को अन्नदाता और देश की रीढ़ कहा जाता है। वे मेरे देश की धरती सोना उगले जैसी पंक्तियों को अपने परिश्रम से साकार करते हैं। आज, जब देश आधुनिकता की राह पर अग्रसर है, तब भी ग्रामीण जीवन में खेती का यह जज़्बा और समर्पण हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की गहराई को दर्शाता है।




## खबर संक्षेप



### सैकड़ों भक्तों ने लिया सुंदरकांड पाठ का आनंद

**रायपुर।** शुक्ला परिवार ने अपने निवास में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजकर्ता आशीषा शुक्ला ने हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि इसी आस्था के चलते वे नियमित रूप से ऐसे आयोजन करते हैं। यह कार्यक्रम सामुदायिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा, राम शर्मा, नवीन शर्मा, हरीश शुक्ला, संगीता व्यास, राजेश तिवारी आदि शामिल हुए।

### मानिकलाल को मिली निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर




**रायपुर।** हरेली अमावस्या के अवसर पर चरामेति फाउंडेशन द्वारा जीई रोड स्थित जीत टॉवर में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कबीरधाम के ग्राम बिनौरी निवासी मानिकलाल चतुर्वेदी को निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान की। साथ ही अभनपुर के ग्राम बकतरा निवासी पिंटूराम साहू को चरामेति विकलांग सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया गया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्णभक्त जोशी, हरीश भाई कोटक, बीके नंदा, संतोष तनवानी, रमेश राव, रिंकू पारवानी, राकेश कुमार शर्मा, मनहरण लाल साहू, डीके पात्रिकर, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### हरेली पर्व पर छतौना में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्राम पंचायत छतौना, विकासखंड आरंग में छत्तीसगढ़ का पहली तिहार 'हरेली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खेती उपकरण का पूजा किया इस उपरांत हरेली तिहार के अवसर मे वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमे ग्राम के सरपंच - भोजराज यदु, उपसरपंच- नयन यादव एवं पंचगण - नारद यादव, टीकम रात्रे, हीरालाल बंजारे, सुनील बारले, पंच प्रतिनिधि- युवराज साहू, संतु गायकवाड़ और मेहतरू शामिल थे।

### आशीर्वाद भवन में स्वास्थ्य शिविर 27 को

**रायपुर।** प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 27 जुलाई को मेंटल हेल्थ चेकअप सह अवेयरनेस कैंप लगाया जाएगा।इस स्वास्थ्य शिविर में अनिद्रा, अवसाद, तनाव, अतिक्रोध, चिड़चिड़ापन, नशे की लत, कुंठा से पीड़ित लोग इलाज करा सकते हैं। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा।

### पुलिस अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से 26 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। क्लब अध्यक्ष उत्तम गर्ग एवं सचिव डॉ. राकेश पांडे ने बताया कि रक्तदान शिविर में प्राप्त रक्त का उपयोग थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और नक्सली मुठभेड़ में घायल होने वाले वीर सिपाहियों के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के एसएसपी लाल उम्मेद सिंह होंगे। प्रोजेक्ट चेयरमैन रिटायर्ड डीएसपी जयंत थोरात और को-चेयरमैन राजेश अग्रवाल होंगे। इसी दौरान प्रदीप गोविंद शितूत ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे भी इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान कर सकते हैं।

# श्री सीमेंट ने 'प्रोजेक्ट नमन' के साथ कारगिल विजय दिवस पर भारत के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## 183 शहीद परिवारों को दी 79,000+ सीमेंट बैग की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत के प्रमुख सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की अपने सीएसआर पहल के तहत 'प्रोजेक्ट नमन- ए सल्यूट टू मार्टियर्स' के माध्यम से देश सेवा के प्रति श्री सीमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला यह प्रोजेक्ट कंपनी के चेयरमैन एचएम बंगुर द्वारा शुरु किया गया है। प्रोजेक्ट नमन एक विशेष पहल है जिसके अंतर्गत सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के उन शहीदों के परिवारों को निःशुल्क सीमेंट उपलब्ध कराया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी ताकि वे एक सुरक्षित और सम्मान जनक भविष्य का निर्माण कर सकें।






**टूटे सपनों को फिर से जोड़ने का बन रहे माध्यमः** यह प्रोजेक्ट अक्टूबर 2020 में रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय सैनिक बोर्ड (केएसबी) के सहयोग से औपचारिक रूप से शुरू किया गया था। तब से यह पहल निरंतर आगे बढ़ रही है और इसका प्रभाव भी बढ़ता जा रहा है। जुलाई 2025 तक आर्मी, बीएसएफ, सीआरपीएफ और असम राइफल्स के 183 परिवारों को इस योजना के तहत सहायता दी जा चुकी है और 79,000 से अधिक सीमेंट बैग्स वितरित किए गए हैं जो न केवल ईंट और गारे का काम कर रहे हैं बल्कि टूटे हुए सपनों को फिर से जोड़ने का माध्यम भी बन रहे हैं।

### शहीदों के पुराने बलिदानों को भी सम्मान

इस योजना के अंतर्गत 1 जनवरी 1999 से 1 जनवरी 2019 के बीच शहीद हुए जवानों के परिवारों को शामिल किया गया है यह समय सीमा इसलिए तय की गई है ताकि पुराने बलिदानों को भी भुलाया न जाए और उन्हें भी सम्मान के साथ याद किया जाए। अब तक 266 परिवारों से आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से कई अब नए जीवन की शुरुआत कर चुके हैं। जब देश कारगिल और अन्य वीरों को याद कर रहा है श्री सीमेंट अपने उद्देश्य और सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है और श्रद्धांजलि को ठोस सहायता में बदलने का संकल्प ले रहा है।

इस पहल की नींव एक सरल लेकिन गहरी सोच पर आधारित है ऐसे परिवारों के लिए क्या किया जाए जो देश के लिए सब कुछ खो चुके हैं और इसका उत्तर था उन्हें मजबूत घर बनाने में मदद की जाए। इस अवसर पर नीरज अखौरी, प्रबंध निदेशक श्री सीमेंट ने कहा कि एक घर केवल आश्रय नहीं होता बल्कि यह गरिमा सुरक्षा और मानसिक शांति की नींव होता है।

प्रोजेक्ट नमन हमारे उन बहादुरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक छोटा सा प्रयास है जिन्होंने देश के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। आज कारगिल विजय दिवस पर हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं। वे हमारी स्मृतियों में हमेशा जीवित रहेंगे और हम उन्हें अपनी ओर से यथासंभव सहयोग देना चाहते हैं।

### सभी मार्ग पर हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है

# दो नई लिंक सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगी शहर की ट्रैफिक समस्या से मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर की चरमराई हुई ट्रैफिक समस्या से हर एक आदमी परेशान है। शहर की गलियां हों या मुख्य सड़क, सभी मार्ग पर हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। हालांकि इसका बड़ा कारण लोगों की जनसंख्या के साथ बढ़ रही गाड़ियों की संख्या है। जिस तेजी से जनसंख्या और गाड़ियां शहर में बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए आगामी वर्षों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

शासन इस समस्या को देखते हुए शहर में नई सड़कों का निर्माण कर राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इस कड़ी में शहर में दो नए लिंक मार्गों का निर्माण किया जाना है। इनमें एक लिंक रोड मोवा-विधानसभा से उरकुरा होते हुए एनएच-30 तक तथा दूसरा लिंक रोड जोरा (एनएच-53) से मोवा-विधानसभा (एनएच-130बी) तक प्रस्तावित है। इन दोनों लिंक रोड के बनने से शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा, जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

### पहला लिंक रोड 3.60 किमी. लंबा

पहला लिंक रोड एनएच-130बी के मोवा-विधानसभा फोरलेन से शुरू होकर सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दलदल सिवनी, और उरकुरा रेलवे यार्ड होते हुए सीधे रायपुर-धमतरी रोड से जुड़ेगा। इस नए रोड की खास बात यह है कि यह बड़ा नाला टेकारी मार्ग से होकर रिंग रोड क्रमांक-3 को भी जोड़ेगा। इस तरह इस रोड के बन जाने से इस मार्ग से गुजरने वाली भारी वाहन को शहर से बाहर निकालकर रिंग रोड और मुख्य राष्ट्रीय मार्गों में डायवर्ट किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार रेलवे के अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में यह भी तय हो चुका है कि कि सड्डू से उरकुरा तक रेलवे इंटर कनेक्शन तैयार किया जाएगा, जिससे आउटर लिंक रोड को रेल लाइन के साथ जोड़ा जा सकेगा।



फाइल फोटो

### 10 लाख आबादी को राहत देंगे नए लिंक रोड

इन दोनों लिंक रोड के बनने से लगभग 10 लाख आबादी को ट्रैफिक दबाव से राहत मिलेगी। इस तरह रायपुर के लाभांडी, कचना, शंकर नगर, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, डब्ल्यूआरएस, भनपुरी और उरकुरा आदि सहित अन्य क्षेत्रों को भी इससे बड़ी राहत मिलेगी। ये दोनों लिंक रोड तीन राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जोड़ेगा, जिसमें एनएच-53, एनएच-130बी और एनएच-30 शामिल है।

*लगभग 0.20 किमी रोड के लिए अधिग्रहित की जाएगी भूमि*

*इस लिंक रोड के निर्माण में लगभग 0.20 किलोमीटर की सड़क का निर्माण करने के लिए भूमि भी अधिग्रहण करना होगा। सूत्रों के अनुसार जिन लोगों की निजी भूमि अधिग्रहित की जाएगी, उन्हें मुआवजा भी मिलेगा। इस तरह प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम भूमि अधिग्रहण के बाद ही शुरू होगा। बताया जा रहा है कि लिंक रोड बनाने में करीब 34 करोड़ रुपए की लागत आएगी।*

### भूमि अधिग्रहण में तीन करोड़ खर्च होने का अनुमान

इस लिंक रोड के निर्माण के लिए कई लोगों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी, जिसका मुआवजा उन्हें दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस रोड के लिए भूमि अधिग्रहण में लगभग तीन सौ करोड़ रुपए मुआवजा राशि के रूप में खर्च होगी। इसके अलावा सिविल कार्य में लगभग 21 करोड़ रुपए की लागत आएगी, वहीं 63.30 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाएगा। इस तरह से लिंक रोड बनाने में लगभग 384.30 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

### जोरा से मोवा तक लिंक रोड निर्माण में 384.30 करोड़ खर्च आने का अनुमान

दूसरा मार्ग लिंक रोड का निर्माण दो फेज में होगा। लाभांडी से कचना, फिर उरकुरा होते हुए भनपुरी तक बनेगी और अंत में जोरा में एनएच-53 से जुड़ेगी। पहले लभांडी, कचना होते हुए मोवा-विधानसभा मार्ग (एनएच-130बी) को जोड़ेगा। पूर्व में बनी सड़क का चौड़ीकरण व नई के लिए भू-अर्जन का प्रावधान भी रखा गया है। यह मार्ग रायपुर के लाभांडी, कचना, शंकर नगर, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, डब्ल्यूआरएस, भनपुरी, उरकुरा क्षेत्र को तीनों राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा, जिससे यातायात सुगम बनेगा। इस मार्ग पर लाभांडी रेलवे क्रासिंग पर 63.30 करोड़ की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसकी चौड़ाई 20 मीटर है, हालांकि इसकी स्वीकृत चौड़ाई 45 मीटर बताई जा रही है, जिससे भू-अर्जन की लागत और बढ़ सकती है।

### दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी

इन दोनों लिंक रोड को ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस तरह इन मार्गों के बनने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इन मार्गों के बनने से बिलासपुर रोड भनपुरी की ओर से धमतरी जाने वाले लोग सीधे रिंग रोड से जाकर मिलेंगे। इससे शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव घटेगा, जिससे दुर्घटनाएं भी कम होंगी।

# रोवर अवार्डी संधू व देवाशीष का कैट ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 52वें राष्ट्रपति स्काउट एवं गाइड पुरस्कार समारोह में 22 जुलाई को दिल्ली में मिला पुरस्कार

कैट टीम ने गुरुवार को रोवर रेंजर के रोवर अवार्ड प्राप्तकर्ता मंत्रीप्त कौर संधू एवं देवाशीष माखीजा का स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि 22 जुलाई को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में वर्ष 2018-21 के लिए 52वें "राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर" पुरस्कार प्रमाणपत्र वितरित किए। समारोह में 16 स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर्स को उनके अनुशासन, सामाजिक सेवाकार्यता और नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया, इनमें छत्तीसगढ के मंत्रीप्त कौर संधू एवं देवाशीष माखीजा शामिल रहे। श्री पारवानी ने कहा, 52वें राष्ट्रपति स्काउट एवं गाइड पुरस्कार राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित जीवन सबसे सर्वोत्तम जीने का मार्ग है। उन्होंने स्काउट एवं गाइड की संस्थाओं की सराहना की, जो युवा वर्ग में राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों तथा निस्वार्थ सेवा की भावना जगाता है। राष्ट्रीय स्तर का नेटवर्क विकसित करने तथा पूरी दुनिया में मैत्री और सहयोग के प्रसार के लिए अपने समकक्ष संगठनों के साथ जुड़ने में सफलता के लिए स्काउट और गाइड आंदोलन की सराहना की।

### ये पदाधिकारी शामिल रहे

सम्मान करने वाले कैट की टीम में अमर पारवानी, परमानंद जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, रतनदीप सिंह, भरत भूषण गुप्ता, मधु अरोरा, प्रेरणा भट्ट, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग में बगैर आईडी कार्ड के कर्मचारी कर रहे ड्यूटी, हर दिन विवाद की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर कलेक्टोरेट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़ा करने के नाम पर हर दिन लोगों और पार्किंग व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। नगर निगम ने मल्टीलेवल में पार्किंग को निःशुल्क रखा है। इस कारण यहां वाहन पार्क करने आने वाले कई दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक अपना समय और पैदल कम चलना पड़े, यह सोचकर ग्राउंड और फर्स्ट लेयर की पार्किंग में खाली जगह नहीं होने के बाद भी आने-जाने वाले रास्ते पर वाहन को खड़ा करने का प्रयास करते हैं। इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी जब विरोध करते हैं, तो इस बात पर विवाद शुरू हो जाता है।

इस विवाद के दौरान कर्मचारियों के पास पार्किंग कर्मचारी की आईडी नहीं होने के कारण विवाद और ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण कई बार मल्टीलेवल पार्किंग का माहौल भी गरमाया रहता है। जिस तरह से पार्किंग में हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है, इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी भी अब पार्किंग की व्यवस्था का ठेका लेने वाले से आईडी कार्ड की मांग करने लगे हैं।

### *रात में भी विवाद की स्थिति*

*मल्टीलेवल में पार्किंग की व्यवस्था के लिए सिर्फ 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें तीन कर्मचारी दिन में और एक कर्मचारी की ड्यूटी रात में लगाई गई है। रात के समय कई वाहन चालक शराब के नशे में भी यहां वाहन पार्क करने पहुंचते हैं। इसे लेकर भी विवाद की स्थिति बनती रहती है। माहभर पहले कार सवार चार युवकों ने शराब के नशे में ग्राउंड फ्लोर में वाहन बैरिकेड्स को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी थी। इस घटना के बाद कर्मचारी भी डरे हुए हैं, क्योंकि कार सवार युवकों के खिलाफ पार्किंग ठेकेदार ने और न ही निगम ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज कराई।*



### दोपहिया वाहन के लिए ग्राउंड फ्लोर, चारपहिया भी हो रही पार्क

मल्टीलेवल के ग्राउंड फ्लोर को दोपहिया वाहन पार्क के लिए बनाया गया है। इसके बाद भी कई चारपहिया वाहन के चालक ग्राउंड फ्लोर में गाड़ी पार्क करते हैं। इधर कई दोपहिया वाहन चालक भी सामने जगह नहीं होने के बाद भी आवागमन के रास्ते पर वाहन पार्क कर चले जाते हैं, जिससे गाड़ियों को पार्किंग से बाहर निकालने में लोगों को परेशानी होती है।

### जब से बनी पार्किंग, तब से बगैर आईडी कार्ड, वर्दी के काम कर रहे कर्मचारी

कलेक्टोरेट-जिला पंचायत भवन के सामने 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग का जब से निर्माण हुआ है, तब से इस पार्किंग व्यवस्था का ठेका लेने वाले व्यक्ति ने अपने अंडर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को न ही आईडी कार्ड दिया है और न ही वर्दी दी है। शुरुआत में इस मल्टीलेवल में वाहन पार्किंग का शुल्क निर्धारित था। उस समय भी कर्मचारी बगैर आईडी कार्ड ही यहां ड्यूटी किया करते थे और अब जब यहां पार्किंग निःशुल्क है, तो भी यहां तैनात कर्मचारियों को आईडी कार्ड एवं वर्दी नहीं दी गई है। आईडी और वर्दी नहीं होने के कारण कई लोग पार्किंग की व्यवस्था संभाले लोगों को कर्मचारी नहीं मानकर उनसे विवाद कर बैठते हैं।

# जल्द होगी एमआईसी की बैठक 2 दर्जन से अधिक एजेंडे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 10 जोन से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण पर लगेगी मुहर

■ मोवा में निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री के आरएफपी का एजेंडा शामिल



रायपुर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक जल्द होगी। इसमें नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण चर्चा के लिए रखे जाएंगे। पिछले 3 माह से एमआईसी की बैठक नहीं होने से बुजुर्गों, दिव्यांग और निराश्रित आवेदकों के सैकड़ों पेंशन प्रकरण लंबित हैं।

इन प्रकरणों को एमआईसी में रखा जाएगा, जिसमें चर्चा के बाद पात्रता के आधार पर मंजूरी दी जाएगी। वहीं नगर निगम की मोवा में नवनिर्मित पहली गारमेंट फैक्ट्री के दस्तावेज, नियम व शर्त संबंधी एजेंडा लाया जा रहा है। वहीं जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन को सरकारी कार्यक्रमों के अलावा बाकी के अतिरिक्त समय में पीपीपी मोड पर दिये जाने का प्रस्ताव शामिल है।

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में जल्द होगी। इसमें दो दर्जन से ज्यादा एजेंडे पर एमआईसी में चर्चा के बाद मुहर लगेगी। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि अगले सप्ताह एमआईसी की बैठक होनी है, इसके लिए विभागवार जनहित से जुड़े एजेंडे प्राप्त हुए हैं। इनमें गरीबों के पेंशन संबंधी प्रकरण शामिल हैं।

### मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का एजेंडा

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का सेटअप तैयार करने और इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने संबंधी एजेंडा एमआईसी में रखा जायेगा। विदित हो कि गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने रायपुर नगर निगम ने प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये खर्च कर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है। इसमें सालभर पूर्व शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालन के नियम व शर्तें सहित अन्य बातें इसमें शामिल होंगी। इसके साथ ही नगरोत्थान योजना के तहत मिली स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा, नामकरण के प्रकरण रखे जाएंगे।

### रायपुर डाक संभाग में 24 जगह लगे हैं राखी स्पेशल बाक्स

# बहनों की राखी पहुंचाने 8 जगह स्पेशल पीला बाक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोकार से जुड़े डाक विभाग ने आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए तैयारी शुरू की है। बहनों की राखी समय पर भाइयों तक पहुंचाने के लिए शहर में आठ जगह स्पेशल पीला बाक्स सिर्फ राखी पोस्ट करने के लिए लगाया है। सामान्य राखी भेजने के लिए स्पेशल लिफाफा भी डाक काउंटर पर उपलब्ध करवा रहा है। रक्षाबंधन भले ही 15 दिन दूर है, लेकिन स्पेशल राखी बाक्स से दो बार लिफाफों को निकालने और छंटनी के लिए कर्मियों को सतर्क किया गया है।डाक विभाग ने इस साल भी बहनों की राखी समय पर गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रायपुर संभाग में 24 स्थानों पर बहनों की राखी पोस्ट करने के लिए राखी स्पेशल पीला बाक्स लगाया है। इस सीजन में रायपुर में ही मालवी रोड स्थित मुख्य डाकघर, गंज, बिरगांव, टिकरापारा डाकघर सहित 8 स्थानों पर राखी पोस्ट करने के लिए स्पेशल पीला बाक्स लगाया है। साथ ही डाक कर्मियों की स्पेशल टीम राखियों को बाक्स से सुबह और शाम को निकालने के बाद उसे छंटनी की प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही सभी डाक काउंटर पर 10 रुपए में स्पेशल लिफाफा भी मिल रहा है। इससे लोगों को काउंटर पर पहुंचने पर रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट की सुविधा से जुड़े ग्राहकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### *41 रुपए में 50 ग्राम का लिफाफा स्पीड पोस्ट*

*प्रवर डाक अधीक्षक हरीश महावर ने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों तक ही नहीं दूसरे देशों में पढ़ाई और नौकरी करने वाले भाइयों तक समय पर राखी पहुंचाने के लिए इस बार पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके लिए 50 ग्राम का राखी लिफाफा स्पीड पोस्ट करने के लिए 41 रुपए और रजिस्ट्री के लिए 25 रुपए देना होगा। देश के बाहर भेजी जाने वाली राखियों का शुल्क लिफाफे के वजन और दूरी के लिहाज से तय किया जाता है। इसकी जानकारी ग्राहकों को डाक कर्मियों द्वारा दिया जाता है।*

### यहां भी स्पेशल पीले राखी बाक्स की सुविधा

विभाग ने रायपुर डाक संभाग में शामिल महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदाबाजार के डाकघरों सहित बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट सहित मुख्य मार्गों पर 4-4 जगह स्पेशल पीला बाक्स लगवाया है। राखियों की छटनी सहित बाक्स से निकालने के लिए डाक कर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसके साथ ही मुख्य डाकघर में भी राखियों के लिए स्पेशल टीम है, जो प्रतिदिन बाक्स से सुबह और शाम को राखियों का लिफाफा निकालने के बाद उसे गंतव्य तक पहुंचाने की प्रक्रिया से जोड़ने का दायित्व निभा रही है।

# मामूली विवाद पर हत्या, पिता तथा उसके दो बेटों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर हत्या के आरोप में कोर्ट ने एक पिता तथा उसके दो बेटों को आजीवन कारावास के साथ एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की रकम नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को तीन-तीन माह अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार मोहन सोनवानी की हत्या के आरोप में कोर्ट ने भागचंद बंजारे तथा उसके बेटे गणेश और महेश को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के अनुसर 21 अप्रैल 2024 को मोहन अपने हाथ में गुलेल रख कर भागचंद के परिवार को गाली दे रहा था। गणेश ने अपने घर से बाहर निकल कर मोहन को गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर नाराज होकर मोहन ने अपने हाथ में रखे गुलेल में पत्थर चढ़ाकर गणेश पर वार कर दिया। गुलेल से निकला पत्थर गणेश के गाल पर लगा। इसके बाद गणेश ने घटना की जानकारी अपने भाई तथा पिता को दी। भागचंद ने अपने बेटे महेश तथा गणेश के साथ टंगिया तथा लाठी से लैस होकर मोहन पर हमला कर दिया। टांगी तथा लाठी के वार से मोहन की मौके पर ही मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### बाबाधाम रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**खरोरा** । सावन माह में हर ओर बाबा भोलेनाथ की भक्ति लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। केशला से शुक्रवार को कांवरियों का एक जत्था पूरे उत्साह के साथ बाबा बैजनाथ धाम देवघर के लिए रवाना हुआ। इस बीच भक्त बोलबम, हर-हर महादेव के जयकारे लगाए तो आसपास क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बाबा धाम जाने वाले कांवरिया यशवंत देवांगन, अशोक देवांगन, देवराज सिन्हा, कोमल सिन्हा, किशोर सिन्हा शामिल थे।

### निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर आज

**पवनी** । विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत परिसर पवनी में शनिवार 26 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शिविर में चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत रोग के अनुसार निःशुल्क औषधि वितरण किया जायेगा ।

### विदाई समारोह का आयोजन



खरोरा। संकुल केंद्र गनियारी विकासखंड तिल्दा जिला रायपुर के अंतर्गत आने वाले विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में रामकुमार धीवर सर जी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संकुल गनियारी की नोडल प्राचार्य कृपालता टोप्पो की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच यामिनी टिकेश्वर, उपसरपंच निलेश एवं शाला प्रबंधन समिति के प्राथमिक एवं माध्यमिक अध्यक्ष राजेश्वरी वर्मा एवं विधायक प्रतिनिधियों ताराचंद वर्मा, लोकनाथ ने एवं समस्त ग्रामवासी मुड़पार के लोगों ने धीवर सर के उत्कृष्ट कार्यों को याद किया।

### गोवंश में रेडियम कॉलर लगाने पुलिस की मुहिम

**रायपु**। बारिश के दिनों में गोवंश सूखी जगह की तलाश में बीच सड़क में बैठ जाते हैं, इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए हरेली के अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने गोवंश के गले में रेडियम कॉलर लगाने मुहिम की शुरुआत की है। पुलिस ने सामाजिक संगठन के लोगों के साथ मिलकर अब तक डेढ़ हजार गोवंश के गले में रेडियम कॉलर लगाया है।

## पेज 09 के शेष

### आईपीएल ऑनलाइन ...

निर्देशन में प्रकरण की जांच एवं विवेचना में यह ज्ञात हुआ कि पुलिस टीम द्वारा बोगमालो गोवा में घेराबंदी कर 16 आरोपियों को पकडा लेकिन मुख्य आरोपी फरार हो गया था। शहर टीआई ने बताया कि कार्रवाई के दौरान इस संपूर्ण आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन करने वाला मुख्य आरोपी दीपक धिरवानी फरार हो गया था, कुछ समय तक लगातार सर्विलांस के बाद साइबर सेल की टेक्निकल टीम के माध्यम से भी आरोपी का पता चल पाया।

### मंदिरों में चोरी...

मंदिर से दानपेटी एवं ग्राम टेमरी नांदघाट मंदिर से दानपेटी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिमगा पुलिस ने आरोपी की गहनता के साथ खोजबीन शुरू की तथा आरोपी योगेश मसीह पिता नेल्सन मसीह 54 वर्ष निवासी परसदा थाना चकरभाठा बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि वह साइकिल में जाकर मंदिर व आसपास का मुआयना करता था तथा रात में चोरी की घटना को अंजाम देता था।

---

**हिदायत :** बच्चों के अनुपात पर पात्र शिक्षकों की नियुक्ति पर जोर

# निजी विद्यालयों में बच्चों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिशिचत होः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासन के निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय संचालन के सम्बन्ध में बुधवार क़ो जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में निजी स्कूल संचालकों एवं प्रचार्यों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए स्कूलों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे सहित जिले के निजी स्कूल संचालक, प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि निजी स्कूलों क़ो बच्चों की शिक्षा के साथ सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। प्राचार्य अपने स्कूल के शिक्षकों व कर्मचारियों के कार्यशैली पर नजर रखें। व्यवहार या कार्य पर किसी प्रकार की शंका हो तो उच्च अधिकारी क़ो अवगत कराएं। सभी निजी विद्यालयों में सुझाव पेटी उपयुक्त स्थान पर रखें तथा प्राप्त सुझाव या शिकायतों का उचित निराकरण भी करें। उन्होंने स्कूल में शीघ्र शिक्षक-पालक मीटिंग का आयोजन कर पालको के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने एवं पालकों के साथ स्कूल का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने शासन के नियमानुसार स्कूलों का संचालन तथा बच्चों की संख्या के अनुपात में प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल के लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार अहर्ताधारी शिक्षको क़ो नियुक्त करने कहा। इसी तरह आरटीई के तहत एडमिशन एवं बच्चों क़ो गणवेश व पुस्तक वितरण समय पर करने कहा ।

उन्होंने कहा कि फीस में बढ़ोतरी विद्यालय समिति के अनुमोदन से करें तथा किसी दुकान विशेष से ही कॉपी- पुस्तक व ड्रेस खरीदने की बाध्यता न हो। आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों के अभिभावकों क़ो पेरेंट्स मीटिंग में जरूर बुलाएं और स्कूल की गतिविधियों, बच्चे की पढ़ाई की जानकारी दें। उन्होने बच्चों के स्कूल बैग की वजन के सम्बन्ध में आरटीई के तहत निर्धारित कक्षावार वजन का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा जिसमें कक्षा पहली से दूसरी तक बैग का वजन 2 किलोग्राम, तीसरी से चौथी तक 3 किलोग्राम तथा कक्षा 5 वीं से 8 वी तक 5 किलोग्राम वजन हो।

### स्कूल वैन व बसों में सुरक्षा इंतजाम सहित वाहन चालकों व हेल्पर पर रखनी होगी निगरानी



**बाईक आने वालों के लिए नियम**

इसके साथ ही मोटर सायकिल चलाते हुए स्कूल आने वाले बच्चों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होने तथा हेलमेट क़ो अनिवार्य करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

**स्कूल वाहनों की सुरक्षा और निगरानी रखने के निर्देश**

कलेक्टर ने बच्चों के स्कूल आने - जाने के लिए रखे गए स्कूल वैन एवं स्कूल बसों के लिए निर्धारित सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने तथा समय -समय पर वाहनो की फिटनेस जांच कराने कहा। उन्होंने वाहन चालकों तथा हेल्परों पर निगरानी रखने के साथ ही उनके स्थायी व वर्तमान निवास का पता व मोबाइल नंबर सबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी क़ो उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

---

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज



**बलौदाबाजार** । व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाली आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा की जिले में तैयारी क़ो लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने केंद्राध्यक्ष व ऑब्जर्वर की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए और व्यापम के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस भर्ती परीक्षा में जिले के 6370 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

■ कलेक्टर दीपक सोनी ने दिए निष्पक्ष आयोजन के कड़े निर्देश, सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए जिसके अंतर्गत महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मचारियों की अनिवार्यतः तैनाती की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लागू हो और किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्षों की दीवारों पर किसी प्रकार की शैक्षणिक सामग्री चिपकी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक कक्षा में दीवाल घड़ी लगाई जाए तथा विद्युत, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था हो। बारिश क़ो देखते हुए परीक्षा क़क्ष में पर्याप्त प्रकाश हेतु लाईट की व्यवस्था हो। उड़नदस्ता एवं नोडल अधिकारी समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करें तथा किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में त्वरित कार्यवाही कर उसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम को दें।

---

# वन विभाग ने किया 'युवान वालंटियर' का शुभारंभ

**बलौदाबाजार** । बलौदाबाजार वनमण्डल द्वारा युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत 'युवान' (युवा+वन) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसमें युवाओं को 'युवान वालंटियर' के रूप में तैयार कर वन, वन्य प्राणियों और जैव विविधता के संरक्षण कार्य से जोड़ा जाएगा। वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि 'युवान' वालंटियर कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को वन, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण में आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को वनों और वन्यजीवों के महत्व से अवगत कराने के साथ ही उन्हें वन्यजीव व पर्यावरण सुरक्षा के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। सर्पदंश से बचाव, सांपों के रेस्क्यू और उनके संरक्षण हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

**समय-समय पर दिया जाएगा प्रशिक्षण**

वन विभाग द्वारा चयनित युवान वालंटियरों को आवश्यकतानुसार समय-समय पर प्रशिक्षण, फील्ड विजिट (क्षेत्रीय भ्रमण) और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। जिले के सभी महाविद्यालयों में अध्ययनरत और इच्छुक छात्र-छात्राओं क़ो इस कार्यक्रम के साथ जुड़ने के लिए अपील की गई है, साथ ही इस संबंध में महाविद्यालय एवं विद्यालयों के प्राचार्य को पत्र लिखा गया है। वन विभाग की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास में सहायक होगी बल्कि स्थानीय समुदाय में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### उपभोक्ता आयोग ने दिलाई क्षतिपूर्ति राशि

बलौदाबाजार । दुकानदार द्वारा फर्नीचर बनाने हेतु राशि लिए जाने के पश्चात फर्नीचर डिलीवरी नहीं दिए जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा विक्रेता को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए फर्नीचर की एडवांस राशि 25,000 एवं अन्य व्यय प्रदान किए जाने का आदेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका आमा किरण ऑस्कर ने विक्रेता को एक वुडन दरवाजा टीक वुड डोर नेम प्लेट सहित का आर्डर 50,000 रूपये में तय होने के पश्चात फोन पे के माध्यम से 25,000 हजार रुपये एडवांस के रूप में भुगतान किया परंतु उसके बाद भी विक्रेता ने उक्त दरवाजा की डिलीवरी नहीं दी एवं एडवांस बतौर ली गई राशि आवेदिका को प्रदान नहीं की। आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म परिशीलन पश्चात मामले में निष्कर्ष दिया कि समान डिलीवरी नहीं किया जाना न ही एडवांस राशि वापस किया जाना, उक्त कृत्य अनुचित व्यापार व्यवहार तथा सेवा में कमी होना है।

**जनसुनवाई...**



**खरोरा।** बलौदाबाजार के मोतिमपुर खुर्द में जिदल स्टील उद्योग के नलवा खदान के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जिंदल स्टील उद्योग प्रबंधन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# स्कूल परिसर तालाब में तब्दील, भाठा बस्ती हुआ जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेडा

जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मेढ़ में शुक्रवार को दिनभर हुई भारी बारिश के कारण नदियों और नालों के साथ ही नहर-नालियों में भी पानी का दबाव बढ़ गया। इसी वजह से ग्राम पंचायत की मुख्य नहर-नाली टूट गई, जिससे भारी मात्रा में पानी ग्राम के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परिसर में घुस गया और पूरा स्कूल तालाब में तब्दील हो गया।

गांव के लोगों का कहना है कि हाल ही में नहर-नाली का निर्माण कार्य किया गया था, लेकिन उसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण की वजह से नहर-नाली का बांध टूट गया, जिससे स्कूल और आसपास की बस्तियों में पानी भर गया। ग्राम पंचायत की भाठा बस्ती पूरी तरह पानी-पानी हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । पानी भरने से स्कूल परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर-नाली के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाए और तत्काल जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

### भारी बारिश से शहर जलमग्न, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**भाटापारा।** जुलाई सावन के महिने मे अंचल मे झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्र को तरबरतर कर दिया है, पिछले कई सालो बाद सावन के महिने मे लगातार बारिश की स्थिति बनी हुई है। वहीं शुक्रवार को सावन के महिने की सबसे ज्यादा और तेज बारिश ने पूरे शहर सहित आसपास के क्षेत्र को पानी से लबालब कर दिया। सुबह 7 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश जो दोपहर तीन बजे तक जारी रही, इस दौरान आम जनजीवन भी अस्त व्यस्त नजर आया। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों व रोजमर्रा के काम करने वालो परेशानी हुई, वहीं इस तेज बारिश का असर रेलवे अंडर ब्रिज से लेकर पटपर गौरव पथ सडक पर पानी भर गया। वहीं पटपर वार्ड के पार्षद कुंजराम कोसले का कहना है कि इस सडक के किनारे का पूरा नाला साफ कराया गया है और वहां से पानी की निकासी भी हो रही है, लेकिन उपरी हिस्से भाटिया कालोनी, मंगल भवन के साईड से पूरा पानी इसी सडक पर आ रहा है, जबकि यहां के पानी को दूसरी ओर डायवर्ट करना था, पानी को ढलान इसी सडक पर मिलने से पानी भर गया है, वहीं दूसरी ओर बारिश थमने के बाद पानी धीरे धीरे कम होने लगा है।



---

**नियमित कोर्ट लगाने और आदेश तुरंत दर्ज करने के दिए निर्देश**

# लंबित प्रकरणों का 'मिशन मोड' में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी सचिव आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शुक्रवार क़ो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए अभियान चलाने तथा ग्राम पंचायतों के सहयोग से गांवो में शिविर लगाने के निर्देश दिये। बैठक सह कार्यशाला में कलेक्टर दीपक सोनी, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम अमित गुप्ता एनआईसी क़क्ष से जुड़े थे।

■ सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने ऑनलाइन ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

प्रभारी सचिव ने कहा कि राजस्व अधिकारी क़ानून व्यवस्था सहित अन्य फिल्ड कार्य संपादन के साथ -साथ अपने मूल कार्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ज़्यदा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में फिल्ड कार्य बंद रहता है जिससे नक्शा-बटांकन, अभिलेख सुधार, आधार लिंक आदि के कार्य तेजी से कराएं। राजस्व न्यायलय में एसडीएम व तहसीलदार नियमित रुप से बैठें और सुनवाई करें। बार -बार सुनवाई की तिथि न बदले ताकि दूर-दराज से आने वाले पक्षकारों क़ो दिक्कत न हो। उन्होंने रजिस्ट्री एवं नामांतरण में किसी प्रकार की दिक्कत हो रही हो तो पंजीयन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करने कहा।



**मॉनसून चुनौतियों से निपटने की तैयारी**

प्रभारी सचिव ने बारिश के समय मौसमी बीमारियों के फैलने से रोकने के लिए राजस्व अधिकारियों क़ो अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कहीं भी बीमारी की सूचना मिलती है तो रोकथाम के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें। इसी तरह क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र मजबूत रखें और त्वरित कार्यवाही करें।

**राजस्व प्रकरणों का बोझ कम करने की कवायद**

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि नक्शा - बटांकन, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल सिग्नेचर, वन ग्राम से राजस्व ग्राम में कनवर्जन, आधार लिंक के लिए शेष प्रकरणो का निराकरण के लिए समय -सीमा निर्धारित कर पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने प्रभारी सचिव द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने एसडीएम व तहसीलदारों क़ो निर्देशित किया।

---

# महिलाओं ने पौधारोपण कर मनाया हरेली तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में हरेली त्यौहार के उपलक्ष में पलारी नगर के योग कक्षा के बहनों द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में पौधा रोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों का रोपण किया गया जिसमें गुलाब, चमेली, पारिजात, दसमत के पौधे लगाए गया। महिलाओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल खोपड़ी, गोटा, बिल्लस,फुगड़ी खेलों को उत्साह के साथ खेला गया। फुगड़ी प्रतियोगिता में खुमेशवरी वर्मा प्रथम स्थान प्राप्त की। द्वितीय स्थान पर ममता साहू को प्राप्त हुआ। हरियाली उत्सव एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत आज पौधरोपण में जिला प्रभारी मीना साहू, तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे, ख़ुमेश्वरी वर्मा, मधुरानी सरसीहा, ममता साहू, तनु साहू, दुर्गा वर्मा, दीक्षा वर्मा, मीरा वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सती वर्मा, रमेश वर्मा उपस्थित रहे।



### सेम्हराडीह के ग्रामीणों को वितरण किए पौधे

**रिसदा।** हरेली त्यौहार के अवसर पर ग्राम पंचायत सेमहराडीह में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा एक पेड़ मां के नाम से गांव में पौधों का वितरण किया गया जिसमें सरपंच प्रमिला वर्मा द्वारा सभी ग्राम वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान करने की अपील की एवं सर प्रमुख अभय प्रताप सिंह ने भी पर्यावरण सुरक्षित एवं बढ़ाने की बात कही पेड़ों में आम, अमरूद, नीम, कटहल, कदम एवं नींबू आदि कई किस्म के लगभग 100 से अधिक पेड़ बांटे गए महिलाओं एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया और सबने अपने-अपने घरों में पेड़ लगाकर उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर श्री सीमेंट सीएसआर प्रमुख अभय प्रताप सिंह एवं विरेंद्र बघेल पंच में लोकेश्वरी साहू, कीर्ति गिरी, उत्तरा ध्रुव, सरिता यादव, नीतू यदु, पूनम यदु, प्रमिला शर्मा, धीरज ध्रुव, स्वच्छाग्रही एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### हरेली तिहार पर सौजन्य भेंट

**सिमगा** | जिला पंचायत रायपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति तथा क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू ने भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली की बधाई देते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले की हुई शिकायत

सिमगा | ग्राम पंचायत पौंसरी के सरपंच चंद्रमणि साहू ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर को किन्ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा नुकसान पहुंचा कर खराब कर दिया गया है। तथा नल जल योजना हेतु किए गये पाईप लाईन विस्तार को क्षति पहुंचाते हुए तोड़ दिया गया है। वर्तमान में बोर ट्यूबवेल के अंदर पत्थर डाल कर नुकसान पहुंचाया गया है। जिससे पेयजल आपूर्ति कार्य में समस्या आ रही है। सरपंच ने ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय संपत्तियों को क्षति पहुंचाने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृति

**बलौदाबाजार** | प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे भगवंतीन पति स्व.गोपीराम पटेल, निवासी ग्राम अमलडीहा, तहसील लवन एवं देवकी देवदास पति स्व. दिनेश कुमार, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के आग में जलने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### लोकेश बने पलारी महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि



**पलारी** | जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र सांसद कमलेश जांगड़े ने अपने लोकसभा क्षेत्र कसडोल विधानसभा के महाविद्यालयों में अपने प्रतिनिधि की नियुक्ती की जिसमें एबीवीपी से जुड़े छात्र राजनीति से भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यदु को शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में सासंद प्रतिनिधि नियुक्त किए। उनके नियुक्ति पर शुभचिंतकों सहित भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने बधाई शुभकामनाएं दीं।

### प्रयास में प्रवेश के काउंसिलिंग 28 को

**बलौदाबाजार** | सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतिक्षा सूची के विद्यार्थियों क्रा काउंसलिंग 28 जुलाई 2025 क्रो प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 28 जुलाई 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक भाग ले सकते है। काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बन्धित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

# 200 से अधिक पौधों का रोपण, समाज सेवा का भी लिया संकल्प

## भारत माता सेवा ट्रस्ट, नपं व जन प्रतिनिधियों ने साथ मिलकर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर में भारत माता सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बीते मंगलवार को एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत परिषद, जनप्रतिनिधियों, महिला मंडल एवं युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 बादाम और 100 अन्य विविध पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जिन्हें ट्री गार्ड द्वारा सुरक्षित किया गया। वृक्षारोपण मुख्य रूप से विद्यानगर वार्ड, कसडोल में किया गया, जिसमें नीम, आम, बरगद, अमरूद, बबूल सहित छायादार, फलदार व औषधीय पौधों को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर थे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इससे न केवल पर्यावरण संतुलित होता है, बल्कि वायुमंडलीय शुद्धता भी बनी रहती है। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष कसडोल के नागेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के उपाध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी, धनंजय साहू (युवा प्रकोष्ठ) एवं श्रीमती शीला वर्मा (महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष) ने की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला उपाध्यक्ष शिला वर्मा, पार्षद भानु प्रताप साहू, रामा धीवर, सुंदर लाल साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा,रवि कुर्मी,टिकेश्वर कन्नौजे,अनील श्रीवास, हुसैन नवरंगे, शिवकुमार जायसवाल, मां अन्नपूर्णा समिति कसडोल के अध्यक्ष रामफल साहू, सुरेन्द्र यादव,शिव यादव आदि उपस्थित थे।



### ग्रीन कसडोल की ओर नगर अग्रसर

कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा ने बताया कि संस्था केवल पर्यावरण सेवा ही नहीं, बल्कि समाज सेवा के अन्य क्षेत्रों—जैसे कि निर्धनों की सहायता, रक्तदान, अपंग-असहाय व्यक्तियों की मदद में भी सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि हर सेवा कार्य की सूचना संस्था को दें ताकि उचित सहायता प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बना दिया। संपूर्ण नगर 'ग्रीन कसडोल' की परिकल्पना की ओर अग्रसर दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को 'हरियाली की शुभकामनाएं' देते हुए समापन की घोषणा की गई।

## आक्रोश : यह हमारे साथ सीधा है अन्याय: छात्र

# दाऊ कल्याण कॉलेज में एडमिशन को लेकर छात्रों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शासकीय दाऊ कल्याण शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को एडमिशन प्रक्रिया को लेकर भारी हंगामा हुआ। ओपन काउंसलिंग के लिए पूर्व निर्धारित तिथि पर छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में पहुंचे थे, लेकिन कॉलेज प्रबंधन द्वारा अचानक काउंसलिंग स्थगित किए जाने से छात्रों में गुस्सा फूट पड़ा।

काउंसलिंग के लिए सुबह से ही दूर-दराज के गांवों से छात्र-छात्राएं कॉलेज परिसर पहुंचे थे। उन्हें उम्मीद थी कि आज एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन दोपहर 3 बजे कॉलेज प्रबंधन द्वारा एक पत्र जारी कर काउंसलिंग स्थगित करने की सूचना दी गई। इस निर्णय से छात्रों में आक्रोश फैल गया। छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के सामने जमकर नारेबाजी की और कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। छात्रों ने कहा कि हमें 25 जुलाई को स्पष्ट रूप से बुलाया गया था। हम कई किलोमीटर का सफर तय कर यहां आए, लेकिन अंतिम समय पर काउंसलिंग रद्द कर दी गई। यह हमारे साथ सीधा अन्याय है।



### सूचना पटल पर चस्पा की गई है सूची

आज विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार तीसरी सूची जारी करने की अंतिम तिथि थी, जिसे सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय से प्राप्त अधिसूचना के तहत संचालित होती है।

-डॉ. ए.आर.सी. जेम्स, प्राचार्य

### काउंसिलिंग प्रक्रिया दोबारा शुरू की मांग

छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द नई तिथि घोषित कर काउंसलिंग प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाए। साथ ही उन्होंने भविष्य में इस तरह की लापरवाही न करने का आश्वासन मांगा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय से प्राप्त अधिसूचना के तहत संचालित होती है। घटनाक्रम के चलते कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। देर शाम तक छात्रों की भीड़ परिसर में डटी रही और नई तिथि घोषित करने की मांग करती रही।

# गाइड कैप्टन नेहा, छात्राओं के साथ ग्रामीण महिलाओं ने सैनिकों के लिए बनाईं राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



शासकीय हाई स्कूल चरोदा के गाइड एवं गाइड कैप्टन नेहा उपाध्याय एवं छात्राओं ने मिलकर सैनिक भाइयों के लिए राखियां बनाई साथ ही एक राखी सैनिक भाई के नाम की अपील ग्रामीण महिलाओं से की गई, जिसका परिणाम यह हुआ कि खेत से काम करने गए महिलाओं ने अपनी राखी गाइड्स को सौंपी साथ ही उनके सहयोग से और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं यहां के बालिकाओं तथा शासकीय हाईस्कूल की छात्राओं एवं गाइड्स एवं शिक्षिकाओं के माध्यम से 100 राखियां इकट्ठी हुई जिन्हें देश की रक्षा मे तैनात सैनिक भाईयो के लिए भेजा गया। इस तरह देश की सेवा करने वाले सैनिक भाईयों को स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से एक स्नेह रूपी भाव रक्षाबंधन के अवसर पर प्रेषित किया गया।

यह कार्यक्रम भारत स्काउट एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, वनरेश वर्मा के निर्देशन एवं जिला निर्देशन में आयोजित किया गया था।

## महिलाओं ने जवानों को भेजी राखी...



भाटापारा। पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी नगर साहू समाज की महिलाओं ने भारत देश के वीर जवान जो राजौरी, पूँछ, बारामूला, अखनूर लेह, लद्दाख और उधमपुर में तैनात फौजी भाइयों को स्पीड पोस्ट से राखी (रक्षासूत्र) भेजी। जवानों को राखी के साथ एक-एक संदेश और कविता भी भेजी गई है। राखी भेजने के लिए महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमला राजेश साहू के साथ संध्या साहू सरस्वती, डॉ वीणा साहू, सरस्वती साहू, गायत्री साहू, लिपिका साहू, कल्याणी साहू, कामना साहू, रेखा साहू, पेमिन साहू, नीरा साहू के साथ अध्यक्ष राजेश साहू और नभ नारायण साहू उपस्थित रहे।

# भारी वर्षा में भी सिद्धेश्वर महादेव के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

बारिश की रफ्तार चाहे जितनी तेज हो, लेकिन जब बात आस्था की हो तो भक्त पीछे नहीं हटते। कुछ ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला ग्राम चुचरुंगपुर के श्रद्धालुओं में, जो तेज बारिश की परवाह किए बिना, पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से पलारी स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुए। श्रावण मास के इस पवित्र अवसर पर शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बनता है।

भारी बारिश के बावजूद लोगों ने अपने कदम नहीं रोके और भीगते हुए जयकारों के साथ मंदिर की ओर कूच किया। रास्ते में कीचड़, फिसलन और तेज बारिश की धाराएं आस्था के सामने बौनी साबित हुईं। श्रद्धालु बम-बम भोले और हर हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल सावन में वे पैदल सोमेश्वर मंदिर जाते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और मौसम चाहे जैसा भी हो, वह उन्हें रोक नहीं सकता। श्रद्धा के सामने प्रकृति भी झुक जाती है। चुचरुंगपुर के इन श्रद्धालुओं ने यह साबित कर दिया कि आस्था में यदि सच्चाई हो तो कोई भी बाधा रास्ते में रुकावट नहीं बन सकती।

# हरेली पर 450 पशुओं का हुआ टीकाकरण, ग्रामीणों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

हरेली पर्व के पावन अवसर पर ग्राम मुड़पार में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 450 पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. चंद्रप्रकाश खरे, डॉ. गामिनी टांडेल, संतोषी ध्रुव, ठाकुर राम पटेल, एवं अन्य कर्मियों ने गांव के प्रत्येक घर जाकर टीकाकरण किया। प्रमुख रूप से गलघोटू, खुरहा, और खसरा बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं को टीका लगाया गया।प्रगतिशील किसान एवं पशुपालक कल्याणी वर्मा ने बताया कि पशुपालन कृषि का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिससे केवल दूध एवं खाद्यान्न ही नहीं बल्कि आर्थिक समृद्धि और जैविक संसाधनों की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में चयनात्मक प्रजनन और उचित देखभाल अत्यंत आवश्यक है, ताकि पशुधन का स्वास्थ्य और उत्पादकता बनी रहे। इस अवसर पर डॉ. गामिनी टांडेल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 20वीं पशु गणना के अनुसार लगभग 1.59 करोड़ पशुधन हैं, जो दर्शाता है कि राज्य में पशुपालन गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। पशु सखी सरिता साहू ने



बताया कि पशुपालन आज के समय में केवल एक परंपरागत कार्य नहीं, बल्कि एक पूर्णकालिक व्यवसाय और उद्योग का रूप ले चुका है। इससे किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।चैनू यादव, जीवरखन यादव, जीवधन यादव तथा प्रमुख पशुपालक पारत निषाद, अनिल वर्मा, चिरंजीवी वर्मा, गेंद्र साहू, राम साहू, पुनेश्वर वर्मा, देव कुमार वर्मा, दामोदर ध्रुव, कृष्ण कुमार ध्रुव, लतेलू राम साहू, राम जीवन लाल साहू, किरीत कुमार निषाद आदि उपस्थित रहे।

## आस्था व परम्परा के साथ मनाया गया हरेली पर्व



**सुहेला** | छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में विशेष स्थान रखने वाला हरेली पर्व क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह त्यौहार किसानों और ग्रामीण जीवन से जुड़े लोगों के लिए एक विशेष महत्व रखता है और इसे छत्तीसगढ़ी त्यौहारों की शुरुआत के रूप में देखा जाता है। सुबह से ही गांवों में उत्सव का माहौल देखा गया। किसानों ने अपने गौवंशों को विशेष हरी घास व पकवान खिलाकर, उन्हें सम्मानपूर्वक सजाया। बैलों को हल्दी, तेल लगाकर उनकी विशेष पूजा की गई और रापा, टंगिया, हंसिया, हल जैसे खेती के उपकरणों की विधिवत पूजा की गई। पूजा में धूप, दीप, नारियल और पारंपरिक पकवान जैसे चिल्ला, ठेठरी, खुरमी आदि का भोग चढ़ाया गया। गांवों के गोधन गौठानो में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ लोगों ने गौ माता की पूजा-अर्चना की और सामूहिक रूप से ग्रामीण व्यंजनों का आनंद लिया। छोटे बच्चे पारंपरिक झूले पर झूलते नजर आए और खेलकूद की गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कहा जाता है कि हरेली पर्व से ही छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की शुरुआत होती है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। गांवों में हरेली का प्रभाव इस बार भी बेहद उमंग और उत्साह से परिपूर्ण रहा। हर ओर हरियाली, श्रद्धा और सांस्कृतिक धरोहरों की झलक देखने को मिली।

### हरेली पर मुसुवाडीह में हुआ पौधारोपण



**हिरमी रावन** | ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में हरेली तिहार के पावन अवसर पर वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को एक-एक पौधा भेंट किया गया, ताकि वे अपने घर के आस-पास हरियाली बढ़ा सकें। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच अंजली सारथी, उपसरपंच प्रतिनिधि डीगेन्द्र मार्कण्डेय, सचिव विजय चेलक, रोजगार सहायक, आवास मित्र तथा सभी पंचगण उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला समूह की सदस्याएं और बच्चे भी कार्यक्रम में भागीदार बने।

## कलेक्टर के निर्देश पर पंचायतों से वर्चुअली जुड़े स्वास्थ्य विशेषज्ञ

# मौसमी बीमारियों से बचाव पर पंचायतों का किया गया संवेदीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बरसात के शुरुआत से ही मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी -दस्त, मलेरिया, टाइफाइड पीलिया, हैजा, डेंगू के साथ-साथ सर्पदंश एवं कुत्ता काटने की घटनाएं बढ़ जाती है जिससे बचाव हेतु ईलाज के साथ लोगों क्रो जागरूक करना जरूरी है । इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संपर्क केंद्र के माध्यम से कसडोल विकासखंड के सभी पंचायतों को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर उपस्थित सरपंच, पंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए उनसे संवाद स्थापित किया गया ।

- उल्टी-दस्त, सर्पदंश और कुत्ते के काटने पर तत्काल अस्पताल जाने की सलाह



संपर्क केंद्र के माध्यम से डॉ के. के. टेम्भूरने ने बताया कि इस बरसात के मौसम में मुख्य रूप से उल्टी दस्त की शिकायत ज्यादा दिखाई पड़ती है जो प्रायः दूषित जल के सेवन से होती है जिसमें लगातार पतला दस्त होता है यदि उपचार न मिले तो जान भी जा सकती है ।

उन्होंने पंचायतों से उपस्थित प्रतिनिधियों से उनके ग्राम की उक्त रोगों के किसी प्रकरण की जानकारी भी ली जिसमें सभी ने बताया कि आज की तिथि तक ऐसे कोई प्रकरण नहीं हैं ।

### सर्पदंश या कुत्ते के काटने पर तत्काल अस्पताल में करें संपर्क

इसके अलावा इस मौसम में सर्पदंश की भी शिकायत मिलती है। सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक कर के समय नहीं व्यर्थ करना चाहिए इससे विष शरीर में तेजी से फैलता है और ख़तरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में कुत्ते काटने के केस भी दिखते हैं। सर्प और कुत्ते दोनों के काटने की स्थिति में तत्काल अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी गई। डॉ. टेम्भूरने ने सभी को अपने आस- पास सफाई रखने, साफ जल और ताजा भोजन करने की सलाह दी। उल्टी दस्त सहित अन्य किसी प्रकरण में स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करने को कहा गया ।

